Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start ro-ro service from Vasai to Bhayandar in Thane Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): माननीय सभापति महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मेरे ठाणे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मीरा-भाईंदर महानगर पालिका क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या को दूर करने के लिए भाईंदर से वसई रो-रो सेवा शुरू करने के लिए केन्द्र सरकार की सागरमाला योजना के अंतर्गत मंजूरी प्राप्त है ।

महाराष्ट्र राज्य सरकार के मेरीटाइम बोर्ड की तरफ से कामों की शुरूआत भी हो गई है । उक्त काम के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा 6 करोड़ 75 लाख रुपये की निधि भी प्रावधान किया गया है । उपर्युक्त कामों में मीरा-भाईंदर में जेटी का काम पूरा हो चुका है और वसई में जेटी का काम शुरू है, लेकिन इस बीच सायन किले के पास पुरातत्व विभाग ने इस काम को लेकर आक्षेप, आपत्ति दर्ज कराते हुए काम को बंद कर दिया है ।

इसलिए, वसई से भाईंदर के बीच पर्यावरण पूरक रो-रो सेवा शुरू करने में विलंब हो रहा है । काम बंद हो जाने के कारण भाईंदर के नागरिकों को यातायात जाम का सामना करना पड़ रहा है । उपर्युक्त रो-रो सेवा शुरू होने पर ईंधन की बचत तो होगी ही, इसके साथ ही आवागमन में लगने वाला समय भी बचेगा ।

अत: मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि कृपया इस विषय पर विशेष ध्यान देते हुए बंद पड़े कार्य को जल्द शुरू कराने की कृपा करें । धन्यवाद ।